E-mail : eejalgraminbanda@gmail.coı
Mob. : +91 9473941981

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)
## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
### गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

**पत्रांक :–** **680 / W-08 / 34** **दिनाँक :– 29 / 07 / 2026**

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :– दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' बाँदा/चित्रकूट संस्करण के दिनाँक 26.07.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "बाँदा के बदौसा में जल जीवन मिशन योजना विफल : फटी पाइप लाइनों से हजारों लीटर पानी बर्बाद, ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' बाँदा/चित्रकूट संस्करण के दिनाँक 26.07.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "बाँदा के बदौसा मे जल जीवन मिशन योजना विफल : फटी पाइप लाइनों से हजारों लीटर पानी बर्बाद, ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे" के कम में अवगत कराना है कि जनपद बाँदा में जल जीवन मिशन (फेज–I) में खटान ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत विकासखण्ड नरैनी में संचालित खटान ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 342 राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति कराने हेतु 01 नग इन्टेकवेल क्षमता 158 एम0एल0डी0, 01 नग डब्ल्यू0टी0पी0 क्षमता 158 एम0एल0डी0, 116 नग उर्ध्व जलाशय, 39 नग सी0डब्ल्यू0आर0, 4215 कि0मी0 पाइप लाइन व 127889 नग गृह जल संयोजन उपलब्ध कराये जाने का कार्य पूर्ण कराते हुए पेयजलापूर्ति संचालित की जा रही है एवं वर्तमान तक 324 नग ग्रामों को हर घर नल प्रमाणीकरण की कार्यवाही भी पूर्ण करायी जा चुकी है, अवशेष कार्यो को अगस्त, 2026 तक पूर्ण कर पेयजलापूर्ति कराया जाना लक्षित है।

1- **ग्राम बदौसा** :– विकासखण्ड नरैनी में खटान ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत ग्राम दुबरिया में निर्मित शिरोपरि जलाशय (850 कि0ली0/20 मीटर) से ग्राम बदौसा में 14755 मीटर पाइप लाइन बिछाने एवं ग्राम में 1249 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 1214 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। ग्राम में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 3500 मीटर सी0सी0 रोड के मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। ग्राम में लीकेज/चाकेज के मरम्मत का कार्य प्रगति पर है एवं समस्त अवशेष कार्यो को 15 दिवस में कराते हुए शत्–प्रतिशत पेयजलापूर्ति सुचारू किया जाना लक्षित है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है, जिसकी फोटोग्राफ संलग्न है।

2- **ग्राम बरछा–ब** :– विकासखण्ड नरैनी में खटान ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत ग्राम दुबरिया में निर्मित शिरोपरि जलाशय (850 कि0ली0/20 मीटर) से ग्राम बदौसा में 22612 मीटर के सापेक्ष 22460 मीटर पाइप लाइन बिछाने एवं ग्राम में 610 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 603 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। ग्राम में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 2800 मीटर सी0सी0 रोड ट्रैंच के मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। ग्राम में लीकेज/चाकेज के मरम्मत का कार्य प्रगति पर है एवं समस्त अवशेष कार्यो को 15 दिवस में कराते हुए शत्–प्रतिशत पेयजलापूर्ति सुचारू किया जाना लक्षित है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है, जिसकी फोटोग्राफ संलग्न है।

3- **ग्राम दुबरिया** :– विकासखण्ड नरैनी में खटान ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत ग्राम दुबरिया में निर्मित शिरोपरि जलाशय (850 कि0ली0/20 मीटर) से ग्राम बदौसा मे 34677 मीटर के सापेक्ष 34400 मीटर पाइप लाइन बिछाने एवं ग्राम मे 1537 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 1425 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। ग्राम में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 8982 मीटर सी0सी0 रोड ट्रैंच के सापेक्ष 8550 मीटर सी0सी0 रोड की मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। ग्राम में लीकेज/चाकेज के मरम्मत का कार्य प्रगति पर है एवं समस्त अवशेष कार्यो को 15 दिवस में कराते हुए शत्–प्रतिशत पेयजलापूर्ति सुचारू किया जाना लक्षित है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है, जिसकी फोटोग्राफ संलग्न है।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कियोजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी मोबाईल ऐप एवं टोल–फी नम्बर–1800–1212–164 पर की जा सकती है। विभाग समस्या के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक** :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

Digitally signed by
VIMAL KUMAR VERMA
Date: 29-07-2026
17:52:55

(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनाँक उपरोक्तानुसार ।**

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- जिलाधिकारी महोदय, बाँदा।
2- अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बाँदा।
3- जिला सूचना अधिकारी, बाँदा।
4- सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
5- मैसर्स एल0एण्ड0टी0 लि0, बाँदा को इस निर्देश के साथ कि अवशेष समस्त कार्यो को पूर्ण कराकर शत्–प्रतिशत पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

अधिशासी अभियन्ता


GPS Map Camera
बदौषा, उत्तर प्रदेश, भारत
Old Market, लेखपाल कॉलोनी, बदौषा, उत्तर प्रदेश 210202, भारत
Lat 25.242098° Long 80.655977°
बुधवार, 29/07/2026 10:48 AM
Google


GPS Map Camera
बदौषा, उत्तर प्रदेश, भारत
Old Market, लेखपाल कॉलोनी, बदौषा, उत्तर प्रदेश 210202, भारत
Lat 25.242098° Long 80.655977°
बुधवार, 29/07/2026 10:45 AM
Google


GPS Map Camera
बदौषा, उत्तर प्रदेश, भारत
Old Market, लेखपाल कॉलोनी, बदौषा, उत्तर प्रदेश 210202, भारत
Lat 25.242098° Long 80.655977°
बुधवार, 29/07/2026 09:32 AM
Google


GPS Map Camera
Dubariya, Uttar Pradesh, India
6mp8+h2f, Nh35, Lekhpal Colony, Dubariya, Uttar Pradesh 210202, India
Lat 25.23617° Long 80.665006°
Wednesday, 29/07/2026 01:48 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Dubariya, Uttar Pradesh, India
6mp8+h2f, Nh35, Lekhpal Colony, Dubariya, Uttar Pradesh 210202, India
Lat 25.23629° Long 80.664846°
Wednesday, 29/07/2026 04:08 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Dubariya, Uttar Pradesh, India
6mp8+h2f, Nh35, Lekhpal Colony, Dubariya, Uttar Pradesh 210202, India
Lat 25.236262° Long 80.664948°
Wednesday, 29/07/2026 09:53 AM GMT +05:30
Google

# बांदा के बदौसा में जल जीवन मिशन योजना विफल: फटी पाइपलाइनों से हजारों लीटर पानी बर्बाद, ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे

संतोष कुशवाहा | बदौसा(नरैनी), बांदा
3 दिन पहले




जल जीवन मिशन योजना विफल।







बांदा के बदौसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुबरिया के नदी टोला में ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार की करोड़ों रुपये की जल जीवन मिशन योजना के बावजूद, यहां के निवासियों को बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। महिलाएं और पुरुष पानी भरने के लिए बदौसा थाने के पास तक जाने को मजबूर हैं।



चित्रकूट धाम मंडल जल संस्थान के टैंकरों से किसी तरह पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। तुर्रा स्थित पानी की टंकी से नदी टोला तक जलापूर्ति नहीं पहुंच रही है। इसी तरह, जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से भी घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।



## संक्रमण का खतरा भी उत्पन्न

बदौसा, बरछा और दुबरिया क्षेत्र में जल जीवन मिशन की पाइपलाइनें कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे लगातार हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, जिससे सड़कों पर जलभराव और कीचड़ फैल रहा है। इस स्थिति से गंदगी बढ़ रही है और संक्रमण का खतरा भी उत्पन्न हो गया है।

नेशनल हाईवे पर प्राथमिक विद्यालय के पास, बदौसा थाने के आगे जियो शोरूम के पास और उससे लगी बस्ती में लगभग पांच स्थानों पर पाइपलाइनें फटी हुई हैं। इसके अतिरिक्त, हाड़ा रोड स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के पास भी जल जीवन मिशन की पाइपलाइन खुली पड़ी है, जिससे प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है।

## प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी बह रहा

दुबरिया के प्रधान/प्रशासक अजीजुल हक उर्फ सोनी और रफीक खान ने आरोप लगाया है कि चित्रकूट धाम मंडल जल संस्थान और जल निगम दोनों विभाग गांव में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं। उनका कहना है कि ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं, जबकि फटी पाइपलाइनें केवल पानी की बर्बादी और संक्रमण फैलाने का कारण बन रही हैं।

उन्होंने जलभराव और गंदगी को समाप्त करने तथा दुबरिया के नदी टोला सहित प्रभावित बस्तियों में नियमित और सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की है।

जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर पार्थकर ने आश्वासन दिया है कि समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।